# NMC पंजीकृत मेडिकल प्रैक्टिशनर (व्यावसायिक आचरण) विनियम 2023

## प्रिलिम्स के लिये:

[राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग](), **जेनेरिक औषधियाँ**

## मेन्स के लिये:

भारत में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल में परिवर्तन लाने में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का योगदान, जेनेरिक दवाओं से संबंधित नैतिक और कानूनी विमर्श

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत में **चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास** के लिये सर्वोच्च नियामक संस्था, **राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग** ने डॉक्टरों के लिये पेशेवर आचरण संबंधी नए दिशा-निर्देश जारी किये हैं, **इन निर्देशों के अनुसार उन्हें विशिष्ट कंपनियों की दवाओं के बजाय केवल जेनेरिक दवाएँ लिखना अनिवार्य** है।

- इस कारण देश में डॉक्टरों की सबसे **बड़ी संस्था इंडियन मेडिकल एसोसिएशन** ने इन दिशा-निर्देशों को "**अवैज्ञानिक**" और "**अव्यावहारिक**" बताते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

## राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के दिशा-निर्देश:

- **सोशल मीडिया उपयोग दिशा-निर्देश:**
    - डॉक्टर सत्यापन योग्य और विश्वसनीय जानकारी ऑनलाइन प्रदान कर सकते हैं।
    - रोगी के उपचार की जानकारियों पर चर्चा करने अथवा रोगी स्कैन साझा करने पर प्रतिबंध।
    - **रोगी प्रशंसापत्र, चित्र और वीडियो साझा करने पर प्रतिबंध।**
    - सोशल मीडिया के माध्यम से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोगियों से आग्रह करने पर रोक।
- **उपचार से इनकार करने का अधिकार:**
    - **डॉक्टर दुर्व्यवहार करने वाले, अनियंत्रित या हिंसक रोगियों तथा रिश्तेदारों का उपचार करने से इनकार** कर सकते हैं।
    - यदि **रोगी इसका व्यय वहन नहीं कर सकता तो डॉक्टर इलाज से इनकार कर सकते हैं, लेकिन चिकित्सीय आपात स्थिति में नहीं।**
    - **लिंग, नस्ल, धर्म, जाति, सामाजिक-आर्थिक** कारकों के **आधार पर भेदभाव पर प्रतिबंध**।
- **प्रिस्क्रिप्शन एवं दवा दिशा-निर्देश:**
    - **प्रिस्क्रिप्शन, बड़े अक्षरों में** लिखे जाने चाहिये।
    - **विशिष्ट मामलों को छोड़कर, जेनेरिक दवाइयाँ निर्धारित** की जानी चाहिये।
    - निश्चित **खुराक संयोजनों का विवेकपूर्ण उपयोग के साथ केवल अनुमोदित** संयोजनों को निर्धारित करना।
    - **जेनेरिक तथा ब्रांडेड दवाओं की समानता के बारे में शिक्षा** को प्रोत्साहित करना।
- **सतत् व्यावसायिक विकास (CPD):**
    - डॉक्टरों के लिये अपने सक्रिय वर्षों के दौरान सीखना जारी रखना अनिवार्य है।
    - डॉक्टरों को **प्रत्येक पाँच वर्ष में अपने संबंधित क्षेत्रों में 30 क्रेडिट प्वाइंट** लेने चाहिये।
    - वार्षिक CPD सत्र की सिफारिश की जाती है, जिसमें अधिकतम 50% ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित हो।
    - **मान्यता प्राप्त डिग्रियों तथा पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर में** जोड़ा गया।
- **सम्मेलन भागीदारी दिशा-निर्देश:**
    - CPD सत्र या सम्मेलन **फार्मास्यूटिकल उद्योग** द्वारा प्रायोजित नहीं किये जा सकते।
    - डॉक्टरों को **फार्मा प्रायोजकों के साथ तीसरे पक्ष की शैक्षणिक गतिविधियों में भाग नहीं** लेना चाहिये।

- डॉक्टरों या उनके परिवारों को **फार्मास्यूटिकल कंपनियों से उपहार, आतिथ्य, नकद या अनुदान नहीं मिलना चाहिये।**
- रेफरल या समर्थन के लिये डायग्नोस्टिक सेंटर, चिकित्सा उपकरण आदि से कमीशन स्वीकार करने पर प्रतिबंध लगाना चाहिये।

## राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग:

- **परिचय:**
  - NMC, वर्ष 2019 में स्थापित एक वैधानिक निकाय है, जिसने **मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (Medical Council of India-MCI)** का स्थान लिया है तथा **राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम (National Medical Commission Act), 2019** के तहत कार्य करता है। यह चिकित्सा शिक्षा के लिये भारत के नियामक निकाय के रूप में कार्य करता है।
- **लक्ष्य और दूरदर्शिता:**
  - यह देश के सभी भागों में पर्याप्त एवं उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा पेशेवरों की उपलब्धता सुनिश्चित करता है।
  - **यह न्यायसंगत और सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देता है जो सामुदायिक स्वास्थ्य परिप्रेक्ष्य** को प्रोत्साहित करता है तथा चिकित्सा पेशेवरों की सेवाओं को सभी नागरिकों के लिये सुलभ बनाता है।
  - चिकित्सा पेशेवरों को अपने काम में **नवीनतम चिकित्सा अनुसंधान को अपनाने तथा अनुसंधान में योगदान देने के लिये** प्रोत्साहित करता है।
  - चिकित्सा सेवाओं के सभी पहलुओं में उच्च नैतिक मानकों को लागू करता है।
  - इसके पास **मेडिकल** पाठ्यक्रमों के लिये **फीस को विनियमित करने** और यह सुनिश्चित करने के लिये मेडिकल कॉलेजों का निरीक्षण करने का भी अधिकार है कि वे आवश्यक मानकों को पूरा करते हैं।

## NMC दिशा-निर्देश:

- **जेनेरिक मेडिसिन के निर्देश:**
  - डॉक्टरों द्वारा उठाई गई मुख्य चिंताओं में से एक भारत में उपलब्ध **जेनेरिक दवाओं की गुणवत्ता और प्रभावकारिता** है।
    - उनका दावा है कि जेनेरिक दवाओं के मानकीकरण और विनियमन का अभाव है तथा **उनमें से कई दवाइयाँ अवमानक, अवैध या जाली हैं।**
  - IMA के अनुसार, भारत में निर्मित **0.1% से भी कम दवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण** किया जाता है। डॉक्टरों का तर्क है कि जेनेरिक दवाओं की **गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित किये बिना** उन्हें लिखना **रोगी की देखभाल** तथा परिणामों से समझौता कर सकता है एवं उन्हें **कानूनी और नैतिक जोखिमों में डाल सकता है।**
    - उनका यह भी कहना है कि भारत में जेनेरिक दवाओं के प्रतिकूल प्रभाव या ड्रग इंटरेक्शन की निगरानी के लिये कोई तंत्र नहीं है।
  - **नए दिशा-निर्देश डॉक्टरों को एक विशिष्ट ब्रांड लिखने की अनुमति नहीं देते हैं, जिसका अर्थ है कि आपको फार्मासिस्ट स्टॉक में प्रासंगिक सक्रिय घटक वाली कोई भी दवा मिलेगी।**
    - इसके अतिरिक्त किसी मरीज़ के लिये सबसे उपयुक्त दवा निर्धारित करने में डॉक्टरों की पसंद प्रतिबंधित हो सकती है, जिससे संभावित रूप से उपचार की प्रभावकारिता प्रभावित हो सकती है।
  - डॉक्टरों का यह भी आरोप है कि **दवा निर्माताओं, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और नियामकों के बीच एक समझोता है,** जो घटिया तथा नकली दवाओं को बाज़ार में प्रवेश करने की अनुमति देता है।
    - उनकी मांग है कि सरकार को जेनेरिक दवाओं को नुस्खे के लिये अनिवार्य बनाने से पहले उनका सख्त गुणवत्ता नियंत्रण और परीक्षण सुनिश्चित करना चाहिये।
- **अन्य मुद्दे:**
  - CPD सत्रों के माध्यम से क्रेडिट अंक जमा करने के लिये डॉक्टरों पर अतिरिक्त बोझ डालना।
    - **CPD आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु डॉक्टरों के लिये मान्यता प्राप्त निरंतर प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की सीमित उपलब्धता।**
  - फार्मास्यूटिकल **उद्योग के प्रायोजन पर रोक के कारण शैक्षिक सत्र कम हो गए।**
    - **चिकित्सा प्रगति और अनुसंधान के प्रति डॉक्टरों के प्रदर्शन** पर प्रभाव।
  - डॉक्टरों ने **व्यापक दिशा-निर्देशों के पालन के कारण प्रशासनिक बोझ बढ़ने पर चिंता व्यक्त की है।**
    - विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल सेटिंग्स में डॉक्टर द्वारा सामना की जाने वाली व्यावहारिक चुनौतियों के साथ नैतिक आचरण को संतुलित करना।
  - उन स्थितियों को स्पष्ट रूप से चित्रित करने में चुनौतियाँ, जिनमें डॉक्टर नैतिक रूप से उपचार से इनकार कर सकते हैं।
    - मरीज़ों की भुगतान करने की क्षमता के आधार पर डॉक्टरों द्वारा इलाज से इनकार करने से उत्पन्न होने वाली कानूनी और नैतिक चिंताएँ।

## आगे की राह

- अधिक परीक्षण प्रयोगशालाएँ स्थापित करके, नियमित निरीक्षण करके, **सख्त दंड लगाकर और दवा की गुणवत्ता के लिये एक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाकर जेनेरिक दवाओं की गुणवत्ता एवं सुरक्षा बढ़ाना।**

- डॉक्टरों और मरीज़ों को **जेनेरिक दवाओं के फायदे व नुकसान के विषय में शिक्षित करें,** वैज्ञानिक प्रमाणों का उपयोग करें, मिथकों को दूर करें तथा तर्कसंगत दवा पद्धतियों को बढ़ावा दें।
- **चिकित्सा संस्थानों और पेशेवर निकायों को नियमित CPD सत्र** आयोजित करने के लिये प्रोत्साहित करें जो चिकित्सा प्रगति की एक विस्तृत शृंखला को शामिल करते हैं।
- **NMC, चिकित्सकों, फार्मास्यूटिकल उद्योग के प्रतिनिधियों और मरीज़ समर्थन समूहों** के बीच खुली चर्चा तथा परामर्श की सुविधा प्रदान करें।
- उभरती चुनौतियों का समाधान करने और नैतिक रोगी देखभाल सुनिश्चित करने हेतु दिशा-निर्देशों को परिष्कृत एवं अनुकूलित करने के लिये चल रहे फीडबैक तथा सुझावों के लिये मंच बनाएँ।

## स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nmc-registered-medical-practitioner-professional-conduct-regulations-2023